आरोप | सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर उठे सवाल, स्थायी समाधान की उठाई मांग

एक पुलिया, दो शिकायतें और खर्च की दो अलग-अलग राशि

शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर। नगर परिषद शहपुरा क्षेत्र में पुलिया और नाली की समस्या को लेकर की गई दो सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अलग-अलग व्यय राशि दर्शाए जाने का मामला सामने आया है। सिजको लेकर आरोप लगाए गए हैं।

वार्ड क्रमांक 13 निवासी रामदयाल यादव ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा को मंगलवार 'जनसुनवाई कार्यक्रम' के तहत शिकायत आवेदन सौंपकर मामले की जांच कराने तथा मौके पर समस्या का स्थायी निराकरण कराने की मांग की है। आवेदन के अनुसार, आवेदक के घर के सामने स्थित पुलिया के क्षतिग्रस्त अथवा अव्यवस्थित होने तथा नाली का गंदा पानी जमा होने से लंबे समय से परेशानी बनी हुई है।



गंदगी और जलभराव से बीमारी का खतरा

आवेदक का कहना है कि इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ गंदगी और जलभराव के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होने की बात आवेदन में कही गई है। पहली शिकायत में बताया गया 2 लाख का खर्च, आवेदक के मुताबिक इस समस्या को लेकर पूर्व में सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 38156254 दर्ज कराई गई थी।

शिकायत फोर्स क्लोज किए जाने का आरोप

शिकायत का वास्तविक निराकरण किए बिना ही उसे फोर्स क्लोज किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के निराकरण में नगर परिषद शहपुरा द्वारा संबंधित पुलिया का डीपीआर तैयार किए जाने तथा उसमें 2 लाख व्यय होना बताया गया था। इसके बाद समस्या का वास्तविक निराकरण नहीं होने पर आवेदक को पुन: सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 40346854 दर्ज करानी पड़ी।

डीपीआर, स्वीकृति और व्यय की जांच की मांग

आवेदक के अनुसार इस शिकायत के निराकरण में नगर परिषद द्वारा उसी पुलिया के डीपीआर में 5 लाख का व्यय दर्शाया जा रहा है। एक ही पुलिया के संबंध में दोनों शिकायतों के निराकरण में अलग-अलग राशि दर्शाए जाने को लेकर आवेदक ने सवाल उठाते हुए संबंधित डीपीआर, स्वीकृति और व्यय की जांच की मांग की है।

बिना रॉयल्टी गिट्टी परिवहन पर चार 12 चक्का ट्रक पकड़े

एसडीएम ने की शहपुरा-डिंडौरी मार्ग पर अमठेरा के पास कार्रवाई



शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर। जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे के निर्माण कार्य के लिए गिट्टी परिवहन कर रहे चार 12 चक्का ट्रकों पर शहपुरा प्रशासन ने कार्रवाई की है। शहपुरा-डिंडौरी मार्ग पर अमठेरा के पास एसडीएम इरफान फरहान जामदार ने वाहनों को रोककर जांच की।

प्रशासन के अनुसार जांच के दौरान गिट्टी परिवहन से संबंधित रॉयल्टी एवं आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर चारों ट्रकों को पकड़कर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके तहत शहपुरा क्षेत्र में बाईपास का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी निर्माण कार्य के लिए विक्रमपुर क्षेत्र से चार 12 चक्का ट्रकों में गिट्टी भरकर शहपुरा की ओर लाई जा रही थी।

अमठेरा के पास रोके ट्रक, दस्तावेजों की जांच की

शहपुरा-डिंडौरी मार्ग पर अमठेरा के पास एसडीएम इरफान फरहान जामदार ने गिट्टी से लदे ट्रकों को रोककर परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच कराई। प्रशासन के मुताबिक मौके पर गिट्टी की रॉयल्टी एवं आवश्यक वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण वाहनों पर कार्रवाई की गई। चारों वाहनों पर उदित इंफ्रा वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, रीवा लिखा हुआ है।

पंचनामा बनाकर चारों ट्रक थाने के सुपुर्द किए

कार्रवाई के बाद शहपुरा तहसीलदार द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। इसके बाद चारों 12 चक्का ट्रकों को शहपुरा पुलिस के सुपुर्द कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में अब खनिज विभाग के अधिकारी गिट्टी के परिवहन, रॉयल्टी एवं संबंधित दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करेंगे। खनिज विभाग की जांच के बाद ही मामले में आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

शासकीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान आयोजित

उमरिया नवभारत 1 अक्टूबर। जनभागीदारी से जनकल्याण और जनकल्याण से जनविश्वास के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, आरव्हीपीएस.कालेज उमरिया के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार निगम द्वारा महाविद्यालय स्तर पर अंतर्गत प्रदर्शित अभियान के तहत सेवा, समर्पण और संकल्प का संदेश दिया गया है।

अभियान के माध्यम से आम नागरिकों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कर विकास



कार्यों को जनआंदोलन का रूप देने की परिकल्पना की गई है।

जनसहभागिता से विकास को मिलेगी नई दिशा-अभियान के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों, जागरूकता कार्यक्रमों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि लोगों को विकास की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना भी है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद शाह बरकडे ने बताया अभियान का संदेश है कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग जनहित के कार्यों में अपनी भागीदारी निभाएगा, तभी विकास की योजनाएं वास्तविक रूप से धरातल पर प्रभावी हो सकेंगी।

योजनाओं और सेवाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

करौंदी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर। शहपुरा विकासखंड स्थित करौंदी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत की सरपंच दुर्गा बाई बनवासी, सुपरवाइजर संगीता बैरागी, केंद्र क्रमांक-2 की कार्यकर्ता प्रमिला साहू और सहायिका सिया साहू उपस्थित रहीं। साथ ही केंद्र क्रमांक-1 की कार्यकर्ता रंजना दुबे व सहायिका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण



महिलाओं और बच्चों ने सहभागिता की। आयोजन के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ उपस्थित महिलाओं व बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं और सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं से संवाद कर पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी सेवाओं की जानकारी साझा की गई। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विभागीय सेवाओं को अधिक प्रभावी और जनोपयोगी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



आंगन मिलन सेवा में कार्यकर्ताओं का सम्मान

शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा-हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित सेवाओं, योजनाओं तथा बच्चों एवं महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी गतिविधियों के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके द्वारा किए जा रहे सेवाभावी कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण संबंधी मार्गदर्शन, प्रारंभिक शिक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा कुपोषण की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला कांग्रेस ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग, निकाला पैदल मार्च



उमरिया, नवभारत 1 अक्टूबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देशन तथा जिला संगठन प्रभारी श्री सम्मति सैनी के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता स्टेशन चौराहा पर एकत्रित हुए। यहां से बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान एवं मताधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी मांगें उठाईं तथा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता की मांग की।

जिले से कांग्रेसजनों ने की सहभागिता

कार्यक्रम में उमरिया, बांधवगढ़, मानपुर, नौरोजाबाद, पाली, चंदिया, करकेली, इंदवार, ताला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, मंडलम समितियों, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों सहित युवा कांग्रेस, हस्क्ड, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

युवक कांग्रेस ने किया पुतला दहन

पैदल मार्च के बाद कलेक्टर कार्यालय के सामने युवक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह अम्बुज के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के पुतले का दहन किया गया।

विभागीय जांच प्रभावित करने घर से बंटवा रहीं किताबें

कन्या शिक्षा परिसर की निलंबित प्राचार्य का नया पैंतरा

उमरिया नवभारत 1 अक्टूबर। आदिम जाति कल्याण विभाग के कन्या शिक्षा परिसर बिरसिंहपुर पाली में पूर्व में पदस्थ रही प्राचार्य सरिता जैन, जो अपने कार्यकाल के गंभीर आरोपों में दोषी पायी गई थीं और जिसके चलते उन्हें निलंबित कर उनके विरुद्ध एफआईआर के आदेश जारी हो चुके हैं, उसी मामले में विभागीय जांच को प्रभावित करने का नया कारनामा सामने आया है।

बताया जाता है कि एफआईआर के आदेश के विरुद्ध निलंबित प्राचार्य द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका लगाई गई थी, जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने विभागीय जांच न होने के तर्क पर एफआईआर पर फिलहाल रोक लगा दी है। अब उसी विभागीय जांच, जिसके आधार पर एफआईआर होनी है, को प्रभावित करने के लिए निलंबित प्राचार्य द्वारा नया पैंतरा अपनाया जा रहा है।

निजी पब्लिकेशन की कॉपियां और पेन बांटे जा रहे

आरोप है कि निलंबित प्राचार्य द्वारा निजी रूप से पुस्तकों को अपने निजी निवास मीना गेट के पास जैन डॉक्टर के घर पर रखकर वहां से छात्राओं और अभिभावकों को बुला-बुलाकर किताबें, नाइक कंपनी के स्कूल बैग, निजी पब्लिकेशन की कॉपियां और पेन बांटे जा रहे हैं। इसका साक्ष्य तस्वीरों और एक वीडियो में सामने आया है।

किताबें देते समय हस्ताक्षर करवाए गए

तस्वीरों में मोटरसाईकिल पर कक्षा 10वीं की गणित व अन्य विषयों की शासकीय पुस्तकें, निजी कॉपियों के बंडल और बैग रखे साफ दिख रहे हैं। वीडियो में पाली निवासी दीपक नाम का व्यक्ति स्वयं स्वीकार कर रहा है कि उसकी बेटी दिव्या कक्षा 10 में पढ़ती है और उसे ये सरकारी किताबें स्कूल से नहीं, बल्कि मीना गेट के पास जैन के घर से दी गई हैं, जिनकी पत्नी टीचर हैं। वीडियो में वह यह भी बताता है कि किताबें देते समय उससे हस्ताक्षर करवाए गए।

पुस्तकों का भंडार निलंबित प्राचार्य के घर कैसे पहुंचा

सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुस्तकों का भंडार निलंबित प्राचार्य के निजी घर पर कैसे पहुंचा, जबकि निलंबन के बाद समस्त प्रभार और अभिलेखों का हस्तांतरण हो जाना चाहिए था। अभिभावकों ने कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास और जांच अधिकारी से मांग की है।

आदर्श महाविद्यालय में बस सेवा शुरू की जाए

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कलेक्टर को लिखा पत्र

उमरिया नवभारत 1 अक्टूबर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एबीवीपी) जिला अध्यक्ष मो. असलम शेर द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को पत्र लिखकर शासकीय आदर्श महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की आवागमन संबंधी समस्या से अवगत कराया गया था।

पत्र के माध्यम से महाविद्यालय के लिए बस सेवा संचालित किए जाने की मांग की गई थी। एबीवीपी द्वारा बताया गया कि शासकीय आदर्श महाविद्यालय जिला मुख्यालय से लगभग 6 से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। महाविद्यालय तक



आने-जाने के मार्ग में लगभग 4 किलोमीटर का जंगल क्षेत्र पड़ता है, जिसके कारण विशेष रूप से छात्राओं को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी

एबीवीपी की मांग को गंभीरता से लेते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए तत्काल बस सेवा संचालित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। एबीवीपी जिला अध्यक्ष मो. असलम शेर ने कहा कि संगठन लगातार छात्र-छात्राओं की मूलभूत समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहा है और बस सेवा शुरू होने से महाविद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।

शहडोल में भीषण सड़क हादसा, कार और बाईक में जोरदार भिड़ंत

टोल टैक्स से पहले हुआ हादसा, बाइक सवार की हालत नाजुक

नवभारत, शहडोल। बुढार रोड पर हेलो ढाबा के पास टोल टैक्स से ठीक पहले गुरुवार रात लगभग 8 बजे कार और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा



अचानक हुआ, जिसके बाद कुछ देर के लिए मौके पर यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

प्रभारी मंत्री को दी अवैध गतिविधियों की जानकारी

प्रभारी मंत्री से मिले भाजपा युवा नेता दीपक शर्मा

उमरिया नवभारत 1 अक्टूबर। जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान के मानपुर प्रवास के दौरान भाजपा के सक्रिय जिला कार्यकर्ता, युवा समाजसेवी एवं पत्रकार दीपक शर्मा ने सिगुड़ी मोड़ बाईपास पर उनका आत्मीय स्वागत कर मानपुर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया।

दीपक शर्मा ने नगर परिषद मानपुर में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के साथ कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने



सड़क, नाली, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने रखे गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

प्रभावी कार्रवाई की मांग की

इसके अलावा उन्होंने नगर में भूमाफियाओं द्वारा कथित रूप से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर की जा रही अवैध खरीद-फरोख्त, बिना निर्धारित अनुमति के प्लाटिंग, शराब की अवैध पैकारी एवं बिक्री तथा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप पांडे एवं पवन कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।

नियम | टाइगर रिजर्व ने जारी किए नए निर्देश, सैलानियों के सेल फोन लॉकर में रहेंगे कैद

टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल रहेगा प्रतिबंधित



नवभारत चिल्हारी 1 अक्टूबर। बारिश के मौसम के बाद 1 अक्टूबर से मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व सैलानियों के स्वागत के लिए एक बार फिर से सजकर तैयार हो चुके हैं। हालांकि, इस नए पर्यटकों को एक बड़े बदलाव के साथ ढलना होगा। पार्क के नैसर्गिक और शांत वातावरण में अब मोबाइल फोन की घंटी नहीं बजेगी, न ही पर्यटक सफारी के दौरान फोन निकाल सकेंगे।

नए दिशा-निर्देशों के तहत टाइगर रिजर्व में भ्रमण के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। पर्यटकों को वाहन में मोबाइल ले जाने की इजाजत तो रहेगी, लेकिन प्रवेश द्वार पर ही उन्हें अपने हैंडसेट स्विच ऑफ करके जिप्सी में लगे एक विशेष बॉक्स में जमा करने होंगे। इस बॉक्स को ताला लगाकर बंद कर दिया जाएगा, जिसकी चाबी जिप्सी चालक के पास सुरक्षित रहेगी।

वाहन चालक पर्यटकों के मोबाइल वापस सौंपेगा

सफारी की समय-सीमा पूरी होने के बाद ही वाहन चालक पर्यटकों के फोन वापस सौंपेगा। इस पूरी व्यवस्था का मुख्य मकसद जंगल में सफर के दौरान पर्यटकों द्वारा अचानक फोटो या वीडियो खींचने की होड़ पर रोक लगाना है।

अदालत के कड़े रुख के बाद लिया गया फैसला

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के आदेशों के आलोक में वन्यजीव क्षेत्रों में मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक का नियम पहले ही लागू किया जा चुका था। हालांकि, बीते सत्र तक इसका व्यावहारिक क्रियान्वयन में ढिलाई बरती गई थी। इसी ढिलाई को भांपते हुए इस बार पार्क प्रशासन किसी भी तरह की कोताही बरतने के मूड में नजर नहीं आ रहा है। नए नियमों अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र को भी और अधिक मजबूत किया गया है।

चालक और गाइड पर भी तय होगी सख्त जवाबदेही

नए सुरक्षा खाके की सबसे बड़ी गिरेगी। यदि सफारी के दौरान किसी भी सैलानी के हाथ में चालू मोबाइल पाया जाता है, तो कानून-मुताबिक दंडात्मक कार्रवाई पर्यटक के साथ-साथ मौके पर मौजूद जिप्सी ड्राइवर और जिप्सी गाइड पर भी की जाएगी।

इनका कहना है

पार्क के अंदर मोबाइल का उपयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से बंद कराया गया है। इसे सख्ती से लागू करने के लिए कहा गया है।

डॉ. समिता राजौरा, पीसीसीएफ, वन्य जीव, मध्य प्रदेश

बाउंड्री वाल नहीं होने से बच्चों की सुरक्षा को खतरा

नवभारत चिल्हारी। मानपुर जनपद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरोई में बाउंड्री नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन विद्यालय परिसर के आसपास शराब की बोतलें मिलती हैं। खिड़की के कांच तोड़ दिए जाते हैं। कुछ लोग वहां बैठकर शराब पीते हैं और बोतलें स्कूल परिसर में ही फेंक देते हैं।

विद्यालय में साफ-सफाई के लिए कर्मचारी नहीं है। अभिभावकों और क्षेत्र की जनता ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से मांग की है कि महरोई स्कूल में एक चपरासी की पदस्थापना करने और बाउंड्री



वाल निर्माण की मांग की है। स्कूल परिसर में क्षेत्र में अवारा पशुओं के बैठने का अड्डा बना हुआ है जहां बैठकर गन्दगी फैलाते हैं।